# **कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।**

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 12/09/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 11.09.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना बहरियाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 134/2025 धारा 191(2), 191(3),190, 109(1),110, 115(2), 118(1), 352, 351(3), 61(2), 117(2), 118(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 10.09.2025 को उ0नि0 महेन्द्र प्रसाद मय हमराहियान द्वारा मु0अ0सं0 134/2025 धारा 191(2), 191(3),190, 109(1),110, 115(2), 118(1), 352, 351(3), 61(2), 117(2), 118(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त शिवकरन पुत्र स्व0 बरसाती राम को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम पलिवार थाना बहरियाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता –**

01. शिवकरन पुत्र स्व0 बरसाती राम नि0ग्राम पलिवार थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0 134/2025 धारा 191(2), 191(3),190, 109(1),110, 115(2), 118(1), 352, 351(3), 61(2), 117(2), 118(2) बीएनएस थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 128/2021 धारा 504,506 भादवि व 3/5 लोकसम्पत्ति क्षति नि0 अधि0 थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर

**2. हिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 06 परिवारों की कराई गई विदाई।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 11.09.2025 को महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 26 प्रकरण को सुना गया। जिसमें काफी समय से विवादित चल रहे 06 प्रकरण में दोनों पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना

किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। 07 प्रकरण में विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई एवं 05 पारिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। शेष 08 पारिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में काउंसलर कमरूद्दीन, विक्रमादित्य मिश्र , पूजा श्रीवास्तव, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह , महिला आरक्षी रागिनी चौबे, महिला आरक्षी संध्या आरक्षी शिव शंकर यादव,महिला होमगार्ड शैलेश सिंह आदि लोग प्रमुख थे।

**3. थाना गहमर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 नफर शातिर चोरों को 26100 रूपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.09.2025 को उ0नि0 श्री विपिन कुमार सिंह मय हमराहियान द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दिलदारनगर रोड़ पर अंग्रेजी शराब की दुकान के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1.रिंकू मुशहर पुत्र लाल मुहर मुशहर 2. टमाटर मुशहर पुत्र लाल मुहर को 26100 रूपये नकद, 01 अदद रम्मा, 01 अदद प्लास, 01 अदद झोला व 02 अदद भम्कू (बोरी) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 187/2025 धारा 305(a),317(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी उक्त अभियुक्तगण द्वारा ही की गई थी। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1. रिंकू मुशहर पुत्र लाल मुहर मुशहर निवासी कठजा नागपुर थाना राजपुर जनपद बक्सर बिहार उम्र 28 वर्ष
2. टमाटर मुशहर पुत्र लाल मुहर मुशहर सा0 कठ्जा-नागपुर थाना राजपुर जिला बक्सर विहार उमी 22 वर्ष

**बरामदगी-**

26100 रूपये नकद, 01 अदद रम्मा, 01 अदद प्लास, 01 अदद झोला व 02 अदद भम्कू (बोरी)

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास -**

मु0अ0सं0 187/2025 धारा 305(a),317(2) बीएनएस थाना गहमर जनपद गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**